E-mail

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, उ0प्र0,

चतुर्थ तल,किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड,
गोमती नगर,लखनऊ-226010

पत्रांक: कृ0वि0कृ0वि0व्या0नि0 / 72 / चावल निर्या0 / 2018-19, दिनांक 26 अक्टूबर,2018

कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश शासन के कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-70 / 2017 / 640 / अस्सी-2-2017-2(12) / 2000 दिनांक 28.12.2017 द्वारा जारी " उत्तर प्रदेश चावल निर्यात प्रोत्साहन योजना (2017-2022)" के अन्तर्गत इन्डायरेक्ट चावल निर्यातकों के पंजीकरण के सम्बंध में शासनादेश संख्या-4 / 2018 / 142 / अस्सी-2-2018-02(12) / 2000 दिनांक 21.05.2018 के अनुपालन में इस निदेशालय द्वारा विभागीय वेबसाइट www.upkrishivipran.in पर इन्डायरेक्ट चावल निर्यातकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है।

उपरोक्त सम्बंध में श्री बी0एन0 शुक्ल, डाइरेक्टर, उ0प्र0 राइस मिलर्स एसोसिएशन के अनुरोध पत्र दिनांक 12.10.2018 के द्वारा विभागीय वेबसाइट पर इन्डायरेक्ट चावल निर्यातक पंजीयन के सम्बंध में ऑनलाइन पंजीकृत सभी इन्डायरेक्ट चावल निर्यातकों का बेसिक डाटा जिसमें मात्र तीन सूचनायें यथा 1-फर्म का नाम व पता, 2-पंजीकरण संख्या व 3-पंजीयन दिनांक प्रदर्शित हो वेबसाइट पर सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध कराने तथा फर्म के नाम के आगे पंजीयन प्रपत्र व्यू / डाउनलोड का आप्शन क्रियेट कराते हुए वेबसाइट से केवल ऑनलाइन जनरेट पंजीयन प्रपत्र (अन्य संलग्नक नहीं) डाउनलोड करते हुए उसकी वैद्यता ज्ञात करने की सुविधा विभागीय वेबसाइट पर क्रियेट कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त विभागीय वेबसाइट www.upkrishivipran.in के मुख्य पेज पर **"पंजीकृत इन्डायरेक्ट चावल निर्यातक विवरण"** शीर्षक से नया आप्शन क्रियेट करा दिया गया है। इस आप्शन के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकृत इन्डायरेक्ट चावल निर्यातकों का बेसिक डाटा वेबसाइट पर उपलब्ध है। अतएव इस योजना से सम्बन्धित समस्त हितधारकों को सूचित किया जाता है कि वह आवश्यकतानुसार वेबसाइट पर ऑनलाइन जनरेट पंजीयन प्रपत्र को डाउनलोड करते हुए ऑनलाइन पंजीकृत इन्डायरेक्ट चावल निर्यातकों की सदाशयता ज्ञात कर लें।

25/10/18
(रमाकान्त पाण्डेय)
निदेशक, कृषि विपणन

पृष्ठांकन संख्या: कृ0वि0कृ0वि0व्या0नि0 / 72 / चावल निर्या0 / 2018-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- विशेष सचिव, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-2, सचिवालय,उ0प्र0 शासन,लखनऊ।
2- निदेशक , राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0, लखनऊ।
3- समस्त उप निदेशक(प्रशा0 / विप0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0।
4- समस्त सभापति / सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, उ0प्र0।
5- श्री बी0एन0 शुक्ल, डाइरेक्टर, उ0प्र0 राइस मिलर्स एसोसिएशन, 128, क्लाइड हाउस, तृतीय तल (हीर पैलेस सिनेमा के सामने), माल रोड, कानपुर-208004, को उनके अनुरोध के क्रम में।
6- अध्यक्ष, यू0पी0 राइस मिलर्स एसोसिएशन, हेड आफिस 2 / 10, कलेक्टरगंज (शक्कर पट्टी), कानपुर।
7- समस्त सहायक कृषि विपणन अधिकारी उ0प्र0 एवं सहायक विपणन अधिकारी लखनऊ।

25/10/18
(रमाकान्त पाण्डेय)
निदेशक, कृषि विपणन